आज की अच्छी खबर

सेक्टर 76 व परी चौक मेट्रो स्टेशन पर महिला स्टाफ संभालेंगी कमान, महिलाओं की जरूरत का होगा हर इंतजाम

महिला दिवस पर मिलेगा पिंक मेट्रो स्टेशन का तोहफा

प्रस, नोएडा: नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (NMRC) 8 मार्च को महिला दिवस के मौके पर एक्वा लाइन के 2 मेट्रो स्टेशनों को पिंक स्टेशन घोषित करेगी। सेक्टर 76 और परी चौक मेट्रो स्टेशन को इसके लिए चुना गया है। यहां महिलाएं स्टेशन के बंदोबस्त की कमान संभालेंगी। महिलाओं के लिए विशेष सुविधा भी दोनों स्टेशनों पर होगी। पिंक रंग का स्टेशन होने की वजह से दूर से ही इसे पहचाना जा सकेगा। स्तनपान, मेकअप, बच्चों के डाइपर चेंज कराने आदि की यहां सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही एक्वा लाइन मेट्रो के सभी 21 स्टेशनों पर सैनिटरी नैपकिन फ्री में मिलेगा।

महिला शक्ति

- एक्वा लाइन मेट्रो के सभी 21 स्टेशनों पर फ्री में मिलेगा सैनिटरी नैपकिन
- एनएमआरसी की एमडी रितु माहेश्वरी दोनों स्टेशनों 8 मार्च को करेंगी लोकार्पण, फिर मिलने लगेंगी सुविधाएं

सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन

सेक्टर-76 मेट्रो स्टेशन पर अब पिंक कलर की झलक दिखने लगी है। नीचे कई जगह बोर्ड लगा दिए गए हैं। कई दीवारों को पिंक कर दिया गया है। ऐसा ही नजारा परी चौक मेट्रो स्टेशन का भी बन गया है। रविवार को महिला दिवस के मौके पर एनएमआरसी की एमडी रितु माहेश्वरी इन दोनों स्टेशन को पिंक स्टेशन घोषित करने के कार्यक्रम में इनका लोकार्पण करेंगे। यहां एक रूम बनाया गया है, जिसमें महिला आराम से बैठकर बच्चे को स्तनपान करा सकती हैं। इसी रूम के साथ में मेकअप रूम भी बनाया गया है, जिसमें महिलाएं अपना मेकअप कर सकती हैं। भागदौड़ भरे सफर में छोटे बच्चों के साथ सफर करने वाली महिलाओं को इससे खासी सहूलियत होगी। साथ ही मेकअप ठीक करने का भी एक विकल्प सभी महिलाओं के लिए मिलेगा। वहीं बच्चों का डाइपर चेंज करने के लिए व्यवस्था की गई है।

फ्री मिलेगा नैपकिन

महिला दिवस के मौके पर ही सभी मेट्रो स्टेशन पर एनएमआरसी सैनिटरी नैपकिन निशुल्क देने की सुविधा देने जा रही है। बिल्डर ग्रुप के सहयोग से यह सुविधा शुरू की जाएगी। इसके तहत एक साल तक इन सभी स्टेशनों पर महिलाएं फ्री में सिनैटरी नैपकिन ले सकती हैं। इसके लिए वहीं से महिला स्टाफ से टोकन लेकर मशीन में डालना है। टोकन लेने का कोई चार्ज नहीं रखा गया है। इससे सैकड़ों महिला मुसाफिरों को राहत मिलेगी।